# उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण)
## अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय
### 132ए, सिविल लाइन्स, इटावा
नियर पक्का तालाब चौराहा

फोन नं0 ☎ 05688–796776
E-mail ID- eeetwupjnrural@gmail.com


पत्रांक 1729/ W-23 /35 दिनांक : 13/05/26

सेवा में,

प्रभारी अधिकारी(शिकायत),
कृते जिलाधिकारी,
इटावा।

**विषयः– डिजिटल समाचार पत्र दैनिक भास्कर में दिनांक 12.05.2026 को प्रकाशित ई–समाचार "बसियापुर में जल जीवन मिशन के गडढे खुलेः, पेयजल नहीं, हादसों का खतरा, ग्रामीण परेशान" के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक डिजिटल समाचार पत्र दैनिक भास्कर में दिनांक 12.05.2026 को प्रकाशित ई–समाचार "बसियापुर में जल जीवन मिशन के गडढे खुलेः, पेयजल नहीं, हादसों का खतरा, ग्रामीण परेशान" खबर प्रकाशित की आख्या मांगी गयी है।

उक्त के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि ई–समाचार पत्र में प्रकाशित खबर विकास खण्ड महेवा के ग्राम उरेंग पेयजल योजना की है, जो जल जीवन मिशन(फेज–3) कार्यक्रम के अर्न्तगत स्वीकृत/चयनित है। ई–समाचार पत्र में प्रकाशित फोटोग्राफ पाइपलाइन लीकेज मरम्मत हेतु खोदे गये गडढे की है। ग्राम वंसियापुर मार्ग पर लीकेज पाइपलाइन की मरम्मत हेतु खोदे गये गढडे को टेस्टिंग उपरान्त बन्द कराया जा रहा है एवं ग्राम वंसियापुर में भी पेयजलापूर्ति चालू किये जाने हेतु पाइपलाइन ज्वाइटिंग व टेस्टिंग का कार्य प्रगति पर है।

आख्या महोदय की सेवा में आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

**संलग्नक : फोटोग्राफ।**

भवदीय

(हस्ताक्षर)

**(के0के0 प्रजापति)**
अधिशासी अभियन्ता

**पृ0सं0 एवं दिनांकः– तदैव।**

**प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
2. मुख्य अभियन्ता(का0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), कानपुर।
3. जिलाधिकारी महोदय, इटावा।
4. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), कानपुर।
5. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता एवं जूनियर इंजीनियर।

(हस्ताक्षर)

अधिशासी अभियन्ता


GPS Map Camera
Khitora, Uttar Pradesh, India
M7f6+c2w, Road, Khitora, Uttar Pradesh 206120, India
Lat 26.673785° Long 79.258865°
13/05/26 04:10 PM GMT +05:30


GPS Map Camera
Khitora, Uttar Pradesh, India
M7f6+c2w, Road, Khitora, Uttar Pradesh 206120, India
Lat 26.673783° Long 79.258898°
13/05/26 05:13 PM GMT +05:30

बसियापुर में जल जीवन मिशन के गड्ढे खुले:

## पेयजल नहीं, हादसों का खतरा; ग्रामीण परेशान



शेयर

बसियापुर में जल जीवन मिशन के गड्ढे खुले।

महेबा ब्लॉक की ग्राम पंचायत उरेग के मजरा बसियापुर में जल जीवन मिशन के कार्यों में गंभीर लापरवाही सामने आई है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में हर घर तक पानी पहुंचाने के उद्देश्य से बिछाई गई पाइपलाइन और लगाए गए नल कनेक्शनों का लाभ अब तक लोगों को नहीं मिल सका है।

ग्रामीणों के अनुसार, गांव में लगाए गए नलों से आज तक एक बार भी पानी की आपूर्ति नहीं हुई है। कई घरों में नल कनेक्शन अभी भी अधूरे पड़े हैं। भीषण गर्मी के बीच ग्रामीणों को पेयजल के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों राजू, नरेंद्र सिंह, रोहित और राहुल ने बताया कि पाइपलाइन से पानी घरों तक पहुंचने के बजाय सड़क किनारे एक खेत में बह रहा है, जिससे पानी की बर्बादी हो रही है। इसके अलावा, पाइपलाइन डालने के लिए सड़क और रास्तों में खोदे गए गड्ढे कई दिनों से खुले पड़े हैं। इन खुले गड्ढों के कारण राहगीरों और बाइक सवारों को हादसों का खतरा बना रहता है, खासकर रात के समय स्थिति और गंभीर हो जाती है।

इस संबंध में जल निगम के जूनियर इंजीनियर उमेश चौहान से फोन पर बात की गई। उन्होंने बताया कि शिकायत की जानकारी मिली है और विभाग की टीम को मौके पर भेजकर जांच कराई जाएगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि जहां पाइपलाइन, गड्ढों या कनेक्शन की समस्या है, उसे जल्द सही कराया जाएगा और प्रत्येक घर तक पानी पहुंचाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल जीवन मिशन के अधूरे कार्यों को जल्द से जल्द पूरा किया जाए। उन्होंने खुले गड्ढों को बंद करने और गांव में नियमित जल आपूर्ति शुरू कर लोगों को राहत प्रदान करने की अपील की है।